# चर्चिल फैलोशिप्स के लिए आवेदन 1 मार्च से खुल रहे हैं

क्या आप किसी ऐसे विषय या मुद्दे के संबंध में, जिसके बारे में आप भावुक हैं, सीखने के लिए चार से आठ सप्ताहों की विदेश यात्रा करने और फिर वापिस आकर अपना ज्ञान साझा करने के इच्छुक हैं? हम चाहते हैं कि आप एक चर्चिल फैलोशिप के लिए आवेदन करें।

चर्चिल फैलोशिप ऑस्ट्रेलिया के सभी नागरिकों या 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी ऑस्ट्रेलियाई स्थाई निवासियों के लिए उपलब्ध है, जो अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम कार्यप्रथा और नवाचार की खोजबीन करने या अन्य देशों से नई कुशलताएँ सीखने के इच्छुक हैं। आपको अपनी नई सीखों को वापिस लाकर उन्हें लागू करने से हमारे समुदाय को पहुंचने वाले लाभ प्रदर्शित करने की आवश्यकता होगी।

अधिकांश प्रसिद्ध नवाचारों में से कुछ नवाचार चर्चिल फेलोज़ ने बनाए हैं, और इनमें क्रेस्टाकॉन, प्लेस्कूल थीम गीत, यूनिट प्राइसिंग इन सुपरमार्केट और नेबरहुड वॉच शामिल हैं - ये केवल कुछ ही उदाहरण हैं। 1965 में सर विंस्टन चर्चिल की मृत्यु होने के बाद चर्चिल ट्रस्ट की स्थापना की गई थी, जब ऑस्ट्रेलियावासियों ने देश की सबसे बड़ी डोर-नॉक अपीलों में से एक अपील में उदारतापूर्वक योगदान दिया था। लगभग छह दशक पहले, 28 फरवरी 1965 के दिन पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में "चर्चिल मेमोरियल संडे" डोरनॉक अपील आयोजित की गई थी।

आवेदकों के पास अपने प्रोजेक्ट्स को खुद डिज़ाइन करने का अधिकार है और यह उम्मीद की जाती है कि आवेदन करने से पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में अपने विषय या मुद्दे पर शोध, अध्ययन या काम किया होगा। चर्चिल फैलोशिप अकादमिक पुरस्कार नहीं है, और आवेदन करने के लिए शैक्षिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है।

यहाँ हमारे चर्चिल फेलोज़ और उनके द्वारा अन्वेषण किए गए अनेकानेक विविध प्रोजेक्ट्स के बारे में पढ़कर प्रेरणा लें।